27. निबंध लेखन

निबंध विचारों की अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ माध्यम है। निबंध का अर्थ है अच्छी प्रकार से बंधा हुआ। यह उचित शब्द-सीमा में लिखा गया गद्य होता है जिसमें प्रभावशाली शब्दों और कथनों द्वारा विषय को संपूर्ण विस्तार दिया जाता है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका समझाएँ, निबंध अपने विचारों को विस्तार से प्रकट करने का माध्यम है।
- ❖ निबंध लिखते समय ध्यान रखने योग्य बिंदुओं पर चर्चा करें।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर दिए निबंधों को छात्रों से पढ़वाएँ।
- ❖ यथासंभव प्रत्येक छात्र को पढ़ने का अवसर दें।
- ❖ संकेत बिंदुओं की सहायता से दिए गए विषयों का निबंध लेखन अभ्यास करवाएँ।